प्रैस विज्ञप्ति

08.01.2025 – अखिल भारतीय

बीमा सखी ने पार किया 50,000 का आंकड़ा

माननीय प्रधानमंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 9 दिसंबर, 2024 को पानीपत में एलआईसी की बीमा सखी योजना का शुभारंभ किया। बीमा सखी योजना महिला सशक्तिकरण के माध्यम से विकसित भारत की ओर एक कदम है, जो परिवारों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करेगी। महिलाओं को बीमा सखी और आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान करके राष्ट्र की प्रगति में शामिल करते हुये भारतीय जीवन बीमा निगम को विकसित भारत में भागीदार होने पर गर्व है।

बीमा सखी योजना का राष्ट्र ने बड़े उत्साह के साथ स्वागत किया है। उद्घाटन के एक महीना पूरा होने के बाद, बीमा सखी के लिए कुल पंजीकरण 52,511 है, जिनमें से 27,695 बीमा सखियों को पॉलिसी विक्रय के लिए नियुक्ति पत्र जारी किए गए हैं और 14,583 बीमा सखियों ने पॉलिसी विक्रय शुरू कर दिया है। इस अवसर पर, एलआईसी के सीईओ और एमडी, श्री सिद्धार्थ महान्ति ने एक वर्ष के भीतर देश की प्रत्येक पंचायत को कम से कम एक बीमा सखी से कवर करने का लक्ष्य रखा है। एलआईसी बीमा सखियों को उचित कौशल प्रदान करके तथा डिजिटल उपकरणों से सशक्त बनाकर मजबूत बना रही है। इस योजना में किए गये बीमा व्यवसाय पर अर्जित कमीशन के अतिरिक्त तीन वर्षों तक मासिक स्टायपेंड का लाभ भी मिलता है।

8 जनवरी, 2025 को मुंबई में दिनांकित।

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें: कार्यकारी निदेशक (सीसी) एलआईसी ऑफ इंडिया, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई। ईमेल आईडी: ed_cc@licindia.com www.licindia.in पर विजिट करें ।

हमें विश्वास है कि इस विज्ञप्ति में शामिल समाचार आपके पाठकों के लिए मूल्यवान हैं। हम आपको इसे जल्द से जल्द प्रकाशित करने के लिए धन्यवाद देते हैं, हम यह भी स्वीकार करते हैं कि ऐसा करने का निर्णय पूरी तरह से आपके पास है।